# 1 किरण

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) सूर्य की सुनहरी किरणें फैल गई हैं।

(ख) सुनहरे रंग में पेड़-पौधों की पत्तियाँ और डालियाँ रंग गई हैं।

(ग) सूर्य के उदय होने पर उसकी किरणों से दिशाएँ लाल हो गई हैं।

(घ) किरण के आने पर फूल मुसकाने लगते हैं।

(ङ) सुगंधित हवा के बहने पर और फूलों के मुसकाने पर भौंरे मीठा गाना गाने लगते हैं।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) सूर्य की किरणों के आने पर संसार निराला दिखता है।

(ख) किरण के आने पर पत्तियाँ, डाली सुनहरे रंग में रंग जाती है, सभी दिशायें लाल-लाल हो जाती हैं और फूल मुसकाने लगते हैं।

(ग) जब सूरज की किरणें मुसकराती हुई फूलों पर पड़ती हैं तो फूल भी आनंदित होकर मुसकाने लगते हैं। फूल के मुसकाने पर चारों ओर वातावरण सुखमय और सुंगंधित हो जाता है।

(घ) कवि बालकों से कहता है कि तुम भी सूर्य की तरह ज्ञानवान और गुणवान बनकर इस धरती पर ज्ञान का प्रकाश फैलाओ जिससे यह धरती ज्ञानवान लोगों से चमक उठे।

(ङ) इस कविता के माध्यम से कवि कहता है कि जिस प्रकार सूरज की किरणों के धरती पर पड़ने से चारों ओर सुखद सवेरा छा जाता है तथा फूल–पत्तियों सुनहरे रंग में रंग जाती हैं और यह संसार प्रकाशमान हो जाता है। इसी प्रकार हमें भी अपने ज्ञान के प्रकाश से इस धरती को प्रकाशित करना है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) किसकी किरणें आईं?

सूर्य की [✓] चंद्रमा की [ ] तारों की [ ] बादलों की [ ]

(ख) किरणों के आने पर चारों दिशाएँ कैसी हो गईं?

पीली [ ] नीली [ ] लाल [✓] हरी [ ]

(ग) किरणें किसका नाश करती हैं?

जीवन का [ ] सुख का [ ] अंधेरे का [✓] पवन का [ ]

(घ) किरण किस दिशा से आई?

पश्चिम [ ] उत्तर [ ] पूरब [✓] दक्षिण [ ]

(ङ) कौन मीठे गाने, गाने लगा?

तितली ☐ मक्खी ☐ भौंरे ☑ बच्चे ☐

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति में कवि कहता है कि जब सुबह सवेरे पूर्व दिशा से सूर्य निकलता है तो उसकी किरणों से चारों ओर लालिमा छा जाती है और सारी धरती पर लाल–सा घेरा बन जाता है जो सुख का अहसास कराता है।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है तुम भी सूरज की किरण की तरह चमको और संसार में अपना नाम रोशन करो।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित में से सर्वनाम चुनकर लिखिए–**

**सर्वनाम**– उसने अपने सबको उसकी तुम

**2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पत्ती | – **पत्तियाँ** | (ख) | डाली | – **डालियाँ** |
| (ग) | दिशाएँ | – **दिशा** | (घ) | किरणें | – **किरण** |
| (ङ) | भौंरे | – **भौंरा** | (च) | तारे | – **तारा** |

**3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सूर्य | – **रवि** | **भास्कर** | (ख) | धरती | – **भूमि** | **धरा** |
| (ग) | आकाश | – **नभ** | **गगन** | (घ) | प्रकाश | – **रोशनी** | **ज्योति** |
| (ङ) | फूल | – **पुष्प** | **सुमन** | (च) | पवन | – **हवा** | **वायु** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

2

# बदले की भावना

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) धर्मनगर के राजा धर्मसिंह थे।

(ख) विजय वीणा–वादन में कुशल था।

(ग) धर्मसिंह ने उपाय सोचा कि यदि हरिनगर की राजकुमारी के महल की घंटियाँ किसी तरह उतरवा ली जाएँ तो उसका काम बन सकता है।

(घ) हरिसिंह के क्रोधित होने पर शीतल की आँखों में आँसू आ गए और अपना सिर झुका लिया।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) हरिनगर के कारीगर बहुत कुशल थे। उन्होंने राज्य की सीमा पर जगह–जगह संकेत देने वाले खंभे लगाए थे जिनका सीधा संबंध राजकुमारी के महल से था। आक्रमण की आशंका होने पर सैनिक खंभों से संकेत भेज देते थे। जिस कारण धर्मसिंह को हरिनगर पर आक्रमण का मौका नहीं मिल पा रहा था।

(ख) विजय ने राजकुमारी से दक्षिणा में घंटियाँ माँगी, क्योंकि जब महल में घंटियाँ नहीं रहेंगी तो राजकुमारी के महल में आक्रमण की सूचना नहीं पहुँच पायेगी और धर्मसिंह की सेना हरिनगर पर अचानक आक्रमण कर देगी।

(ग) महल से घंटियाँ उतर जाने पर राजा धर्मसिंह ने रात में हरिनगर पर हमला बोल दिया। सैनिकों ने संकेत भेजे पर घंटिया न होने से वे महलों तक न पहुँच सके। इधर मौका पाकर धर्मसिंह की सेना ने महल के अन्दर प्रवेश कर लिया जिस कारण हरिनगर वाले हार गए।

(घ) धर्मसिंह ने हरिसिंह को बताया कि महाराज विजय मेरा बेटा है। वह भेष बदलकर आपकी नगरी में आया था। मैं शीतल जैसी बहु पाकर धन्य हो जाऊँगा। दोनों का विवाह होने पर हम आपस में रिश्तेदार बन जाएँगे! इतना सुनकर हरिसिंह ने धर्मसिंह की बात मान ली और बरसों के दुश्मन दोस्ती के बंधन में बँध गए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) हरिसिंह और धर्मसिंह एक-दूसरे के क्या थे?

दुश्मन ☑ दोस्त ☐ भाई ☐ रिश्तेदार ☐

(ख) महल में क्या लटक रही थीं?

जंजीरें ☐ घंटियाँ ☑ रस्सियाँ ☐ कुछ नहीं ☐

(ग) विजय क्या बजाने में निपुण था?

ढपली ☐ ढोलक ☐ वीणा ☑ बाँसुरी ☐

(घ) विजय ने गुरुदक्षिणा में क्या माँगा?

धन ☐ हीरे ☐ घंटियाँ ☑ राज्य ☐

**4. कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) हरीसिंह **हरिनगर** के राजा थे। (धर्मनगर / हरिनगर)

(ख) एक बार युद्ध में **धर्मसिंह** की करारी हार हुई। (धर्मसिंह / हरिसिंह)

(ग) महल में **चाँदी** की घंटियाँ लटक रही थीं। (सोने / चाँदी)

(घ) राजकुमारी **वीणा** –वादन सीखना चाहती थी। (वीणा / तबला)

(ङ) धर्मसिंह की सेना **महलों** तक आ पहुँची। (जंगलों / महलों)

**5. दिए गए शब्दों का सही मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| (क) सेना | (i) हरिसिंह |
| (ख) धर्मनगर | (ii) वीणा–वादन |
| (ग) घंटियाँ | (iii) युद्ध |
| (घ) विजय | (iv) धर्मसिंह |
| (ङ) हरिनगर | (v) महल |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. उचित विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) श्रीमान! आप जो चाहें माँग लें।

(ख) मुझे ये घंटियाँ दे दो।

(ग) आप यहाँ क्यों आए हैं?

(घ) तलवार, धनुष और गदा की आवश्यकता है।

**2. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए–**

(क) गीतकार (ख) वाद्ययंत्रवादक या वादक

(ग) संगीतकार (घ) नर्तक

**3. दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) खुद को ज्ञानी कहते थे और **मूर्खों** जैसे काम करते थे।

(ख) गलती होने पर दंड और अच्छे काम होने पर **पुरस्कार** दिया जाता है।

(ग) तुम्हें गरीब और **अमीर** सबका सम्मान करना चाहिए।

(घ) जीवन में सुख और **दुख** आते ही रहते हैं।

**4. दिए गए शब्दों में ( ं ) या ( ँ ) लगाइए**

(क) शका – **शंका** (ख) चादी – **चाँदी**

(ग) पहुच – **पहुँच** (घ) सकेत – **संकेत**

(ङ) चिता – **चिंता** (च) माग – **माँग**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 3 मदर टेरेसा

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) मदर टेरेसा का बचपन का नाम'एग्नेस गोन्सहवा बोजासुकुऊ' था।

(ख) मदर टेरेसा का जन्म 26, अगस्त 1910 में स्कीप्जे (मेसेडोनिया) में हुआ था।

(ग) जब मदर टेरेसा की आयु 8 वर्ष थी तभी इनके पिता निकोले की मृत्यु हो गई। इसलिए इसका बचपन बड़ा संघर्षमय रहा।

(घ) मदर टेरेसा अट्ठारह वर्ष की उम्र में भारत आईं।

(ङ) दीन–दुखी, बूढ़े तथा बीमारों को देखकर उनक मन करुणा से भर उठता था।

2. **सोचकर लिखिए–**

(क) जब मदर टेरेसा रेलगाड़ी से दार्जिलिंग जा रही थी तो उन्हें ऐसा लगा कि यीशु मसीह उनके सामने खड़े हैं और उनको निर्धन तथा असह्ययों की सेवा करने के लिए कह रहे हैं। जिस कारण उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, दीन-दुखियों की सेवा में समर्पित कर दिया।

(ख) जब भी मदर टेरेसा स्कूल के बाद सड़क पर निकलती तो गरीब लोगों को देखकर उनका मन करुणा से भर उठता था जिस कारण उन्हें नौकरी करना मुश्किल होने लगा। अतः उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह से गरीबों, दीन-दुखियों की सेवा में लग गईं।

(ग) मदर टेरेसा ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी तथा निर्मल हृदय नामक संस्था की स्थापना की।

(घ) मदर टेरेसा को 1962 में पद्मश्री, 1979 में नोबेल पुरस्कार तथा 1980 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।

(ङ) पूरे विश्व में उनके स्थिति एक दयालु और परोपकारी महिला के रूप में थी। पूरा विश्व उनको मदर कहकर पुकारता था। भारत में कोलकाता के लोग तो उन्हें ईश्वर का रूप ही मानते थे। वे मानव कल्याण के लिए किए गए कार्यों को ही ईश्वर का कार्य मानती थीं।

(च) मदर टेरेसा की मृत्यु 5 सितंबर 1997 को 87 वर्ष की उम्र में हृदय गति रूकने से हुई।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) 'मदर' कौन-सी भाषा का शब्द है?

अंग्रेज़ी ☑ हिंदी ☐ जर्मनी ☐ फ्रेंच ☐

(ख) मदर टेरेसा की माँ कैसी स्त्री थीं?

कठोर हृदय वाली ☐ दयालु और परोपकारी ☑

क्रोधी ☐ ईर्ष्यालु ☐

(ग) अट्ठारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ आयीं?

चीन ☐ भारत ☑ जापान ☐ नेपाल ☐

(घ) भारत में कहाँ पर वे शिक्षिका बनकर काम करने लगीं?

मैसूर ☐ दार्जिलिंग ☐ पूणे ☐ कोलकाता ☑

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) मदर टेरेसा का बचपन बड़ा **संघर्षमय** रहा। (खुशमय / संघर्षमय)

(ख) बचपन से ही मदर टेरेसा का मन **दया** से भरा हुआ था। (दया / क्रोध)

(ग) मदर टेरेसा ने सेंट मेरी हाईस्कूल में **भूगोल** शिक्षिका के रूप में पढ़ाया। (हिंदी / भूगोल)

(घ) **कोलकाता** के लोग मदर टेरेसा को ईश्वर का रूप मानते थे। (कोलकाता / मुंबई)

(ङ) मदर टेरेसा के जीवन का उद्देश्य केवल **मानव** कल्याण था। (मानव / पशु)

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. विशेषण शब्द छाँटिए—**

(क) निर्धन निस्सहाय (ख) बेसहारा (ग) पार्थिव

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

(क) दयालु × **निर्दय** (ख) निर्धन × **धनवान**

(ग) बीमार × **स्वस्थ** (घ) पुरस्कार × **दंड**

(ङ) बूढ़ा × **जवान** (च) अनाथ × **सनाथ**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 4 सोने की खेती

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) रानी से चहलकदमी करते हुए हाथ लग जाने पर फूलदान टूट गया था।

(ख) रानी मन में इसलिए डर रही थी कि जो फूलदान उससे टूटा है वह महाराज का प्रिय फूलदान था। अब महाराज उस पर क्रोधित होंगे।

(ग) बादशाह अकबर ने रानी को तुरंत राजमहल छोड़कर जाने का आदेश दिया।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) अकबर ने सभी दरबारियों से प्रश्न पूछा कि "क्या कभी किसी ने झूठ बोला है।"

(ख) बीरबल ने अकबर के प्रश्न का यह उत्तर दिया कि महाराज "मैंने हमेशा ईमानदारी से काम करने की कोशिश की है, पर कभी-कभी ऐसा समय भी आता है जब व्यक्ति को न चाहते हुए भी झूठ बोलना पड़ता है।"

(ग) बादशाह अकबर ने बीरबल को तुरंत आगरा छोड़कर जने का आदेश दिया।

(घ) बीरबल ने गेहूँ के दाने जैसे सोने के दाने बनवाकर महाराज से कहा कि इन दानों को केवल वही व्यक्ति बो सकता है जिसने कभी कोई झूठ न बोला हो। बीरबल इस उपाय से महाराज को भी अपनी गलती का एहसास हो गया था क्योंकि स्वयं महाराज ने भी बचपन में कई बार झूठ बोला था।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) बीरबल किसके दरबार में थे?

शाहजहाँ ☐ जहाँगीर ☐ अकबर ☑ शिवाजी ☐

(ख) फूलदान अकबर को किस तरह प्राप्त हुआ था?

बाजार से खरीदकर ☐ युद्ध में जीतकर ☐

राज्य के व्यापारी से ☐ चीनी यात्री से उपहार द्वारा ☑

(ग) फूलदान किससे टूट गया?

बीरबल से ☐ रानी से ☑ अकबर से ☐ सेनापति से ☐

(घ) बीरबल ने सोने के क्या बनवाए?

चावल ☐ चना ☐ मटर ☐ गेहूँ ☑

(ङ) सोने के गेहूँ को बोने का समय कब निर्धारित किया गया?

पूर्णमासी की रात ☑ सुबह सवेरे ☐ दोपहर में ☐ शाम में ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) अकबर की रानी अपने कक्ष में **चहलकदमी** कर रही थी। (शृंगार / चहलकदमी)

(ख) कुछ समय बाद बादशाह अकबर ने **कक्ष** में प्रवेश किया। (कक्ष / बगीचे)

(ग) तुम **झूठ** का सहारा लेने में भी विश्वास रखते हो। (लाठी / झूठ)

(घ) बीरबल रानी से विदा लेकर एक अच्छे **जौहरी** के पास गया। (जौहरी/ व्यापारी)

(ङ) कुछ ही दिनों में गेहूँ के **सोने** के दाने तैयार हो गए। (चाँदी / सोने)

| **5. किसने कहा? किससे कहा?** | **किसने कहा?** | **किससे कहा?** |
|---|---|---|
| (क) ''यह तो महाराज का प्रिय फूलदान था।'' | **रानी** | **मन में** |
| (ख) ''वह फूलदान कहाँ है, जो मुझे चीनी यात्री ने उपहार में दिया था?'' | **अकबर** | **रानी** |
| (ग) ''क्या कभी किसी ने झूठ बोला है?'' | **अकबर** | **दरबारियों** |
| (घ) ''क्या यह सचमुच संभव है।'' | **अकबर** | **बीरबल** |
| (ङ) ''महाराज, मैं इन्हें नहीं बो सकता।'' | **बीरबल** | **अकबर** |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. संज्ञा शब्द को रेखांकित करके सही कॉलम में लिखिए—**

| **वाक्य** | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **जातिवाचक संज्ञा** |
|---|---|---|
| (क) अकबर कक्ष में गए। | **अकबर** | **कक्ष** |
| (ख) रानी से फूलदान टूट गया। | | **रानी, फूलदान** |
| (ग) बीरबल आगरा चला गया। | **बीरबल, आगरा** | |
| (घ) दरबारी पीछे हठ गए। | — | **दरबारी** |
| (ङ) खेत में दाने बोए। | — | **खेत, दाने** |

**2. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए—**

(क) मंत्री – **मंत्रियों** (ख) समस्या – **समस्याएँ**

(ग) नदी – **नदियाँ** (घ) नौकर – **नौकरों**

(ङ) बादशाह – **बादशाहों** (च) दरबारी – **दरबारियों**

**3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया पदों को रेखांकित कीजिए—**

(क) तुम तुरंत आगरा छोड़ दो। – **छोड़ दो**

(ख) यह खबर चारों ओर फैल गई। – **फैल गई**

(ग) खेत में सोने के गेहूँ उगेंगे। – **उगेंगे**

(घ) आप इन दानों को बो सकते हैं। – **बो**

(ङ) तुमने झूठ बोला है। – **बोला**

**4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए—**

(क) फूलदान – **अकबर को फूलदान बहुत प्रिय था।**

(ख) ईमानदारी – **मैंने हमेशा ईमानदारी से काम करने की कोशिश की है।**

(ग) संभव – **अकबर गेहूँ के दानों को देखकर आश्चर्यचकित हो गया और बोला, क्या यह सचमुच संभव है।**

(घ) आदेश – **बादशाह ने रानी को राजमहल छोड़कर जाने का आदेश दिया।**

(ङ) अंकुर – **दरबारी जानते थे कि उनके बोऐ हुए दानों से अंकुर नहीं निकलेंगे।**

### मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

### रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

### परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 5 भारत देश

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) खुशी के गीत सूरज लाता है।

(ख) मलय हवाएँ हमारे जीवन को हर पल महकाती हैं।

(ग) कवि ने चाँद, सितारों को झिलमिल करते बताया है।

(घ) गंगा का पानी अमृत समान है।

(ङ) भारत के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मेहनत का इतिहास रचना ठान लिया।

2. **सोचकर लिखिए–**

(क) कवि ने भारत देश को इसलिए महान बताया है क्योंकि यहाँ की धरती अधिक उपजाऊ है तथा खेतों में लहलहाती फसलें इसकी शान हैं जो सोना उगलती हैं। यहाँ की सबसे पवित्र नदी गंगा का जल भी अमृत समान है।

(ख) सूरज के आते ही ऐसा लगता है जैसे सूरज धरती पर सोना बरसा रहा हो और सारा वातावरण खुशमय हो जाता है।

(ग) रात में हमें आकाश में झिलमिल करते हुए चाँद, सितारें दिखाई देते हैं। ऐसा लगता है मानो खूब-सारे मोती चमक रहे हों।

(घ) गंगा हिंदुओं की पूजनीय पवित्र नदी है, यह फसलों को सिंचित करती है और इसका जल बोतल में रखने पर कई वर्षों तक खराब नहीं होता। इसलिए गंगा के पानी को अमृत कहा गया है।

(ङ) भारत के नन्हें बच्चे मन के सच्चे हैं, इनका दिल लोहे जैसा मजबूत है, जो किसी भी कठिनाई से नहीं डरते। उन्होंने निश्चय किया है कि वो अब मेहनत का इतिहास रचेंगे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) सूरज अपने साथ कैसे गीत लाता है?

खुशी के गीत ☑ मायूसी के गीत ☐ उदासी के गीत ☐ दुःखों के गीत ☐

(ख) गंगा का पानी कैसा है?

कड़वा ☐ तीखा ☐ अमृत ☑ खट्टा ☐

(ग) समंदर लहराकर क्या करता है?

देश की निंदा ☐ गुणगान ☑ परिक्रमा ☐ हँसता है ☐

(घ) मुश्किलों से कौन नहीं डरता?

बुजुर्ग ☐ माता-पिता ☐ बच्चे ☑ शिशु ☐

(ङ) खेत में क्या हँसती हैं?

फसलें ☑ पक्षी ☐ बच्चे ☐ कीट-पतंगे ☐

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति में कवि कहता है कि जब प्यारी–प्यारी मलय हवाएँ चलती हैं तो ऐसा लगता है जैसे वे हमारे जीवन के हर पल को सुगंधित कर रही हैं।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति में कवि कहता है कि हिमालय की पहाड़ियों से आने वाली गंगा का जल इतना शुद्ध है जैसे कि अमृत। धरती पर लहलहाती फसलें और हरियाली धरती का आँचल हैं।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

(क) खेत-खेत में **हँसती फसलें** ,
**इसकी प्यारी** शान।

(ख) **नील समंदर** लहर-लहर कर,
करता है **गुणगान** ।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित एकवचन शब्दों के बहुवचन लिखिए–**

(क) फसल – **फसलें** (ख) मुश्किल – **मुश्किलें**

(ग) सितारा – **सितारे** (घ) हवा – **हवाएँ**

**2. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) खुशी – **जब सूर्य उगता है तो खुशी के गीत लाता है।**

(ख) देश – **हमारा भारत देश हमें अपनी जान से भी प्यारा है।**

(ग) मस्तक – **भारत के मस्तक पर तारे मोतियों की तरह चमकते हैं।**

(घ) गुणगान – **समुंदर की नीली-नीली लहरें लहर-लहर कर गुणगान करती हैं।**

(ङ) इतिहास – **भारत के बच्चे अपनी मेहनत से एक नया इतिहास रचेंगे।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 6 दृष्टि

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) प्राचीन काल में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर विद्याध्ययन किया करते थे।

(ख) गुरुजी के सामने अपनी पुत्री के विवाह के लिए पर्याप्त धन न होने की समस्या थी।

(ग) विद्यार्थियों ने उन्हें अपने घर से धन लाकर उसको गुरु दक्षिणा के रूप में स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया।

(घ) गुरु जी ने विद्यार्थियों से शर्त रखी कि जब तुम लोग अपने घर से धन लाओ तो घर में किसी को पता नहीं चलना चाहिए।

(ङ) नकुल को गुरुजी की बात स्मरण थी कि उसे समान उठाते कोई देखे या ना देखे परंतु वह स्वयं तो अपने दुष्कर्म देख रहा है। इसलिए वह घर से कुछ नहीं ला सका।

2. **सोचकर लिखिए–**

(क) गुरुजी ने संध्यावंदन के बाद सभी विद्यार्थियों से यज्ञशाला में एकत्रित होने को कहा।

(ख) विद्यार्थियों द्वारा सुझाव दिए जाने पर गुरुजी ने कहा कि यदि तुम अपने माता–पिता से धन लेकर आओगे तो वो मुझे लोभी समझेंगे और इसके अतिरिक्त शिष्यों से धन लेकर यदि अपनी पुत्री का विवाह करूँगा तो अपयश का भागी बनूँगा। इसलिए गुरुजी ने विद्यार्थियों के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया।

(ग) गुरु जी को अपनी पुत्री के लिए एक योग्य और ज्ञानी वर चाहिए था। उन्होंने नकुल में देखा कि मेरे कहने पर भी नकुल ने पाप का मार्ग नहीं अपनाया और ज्ञान के सही रूप को जाना। अतः नकुल ही मेरा सच्चा और चरित्रवान शिष्य है।

(घ) सच्ची शिक्षा मनुष्य को नैतिकता, सदाचार, चरित्रवान और शीलवान सिखाती है जबकि ज्ञान यह सिखाता है कि हमें धैर्य और विवेक से निर्णय लेना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) विद्यार्थियों के धन से कन्या का विवाह करने पर गुरु जी किसके भागी बन जाते?

पाप के ☐ दोष के ☐ अन्याय के ☐ अपयश के ☑

(ख) गुरु जी ने सभी विद्यार्थियों को एकत्र होने के लिए क्यों कहा?

अपनी पुत्री के विवाह हेतु धन की आवश्यकता बताने के लिए। ☑

यज्ञशाला का संचालन करने के लिए। ☐

छात्रों को विशेष पाठ पढ़ाने के लिए। ☐

यज्ञ हेतु लकड़ियों की व्यवस्था करने के लिए। ☐

(ग) गुरु जी ने किस शर्त पर विद्यार्थियों को घर से सामान लाने के लिए कहा?

सबको बताकर लाएँ ☐ किसी की दृष्टि ना पड़े ☑

दिखाकर लाएँ ☐ चोरी करके लाएँ ☐

(घ) गुरु जी को धन कहाँ से प्राप्त हो सकता था?

विद्यार्थियों की गुरुदक्षिणा से ☐ राजकोष से ☑

किसी धनी व्यक्ति से ☐ विद्यार्थियों के घर से ☐

(ङ) नकुल ने घर से कुछ भी न ला पाने का क्या कारण बताया?

उसके पास देने लायक कुछ भी न था। ☐

उसके माता-पिता ने कुछ देने से मना कर दिया था। ☐

वह अपने दुष्कर्म को देख रहा था। ☑

वह कुछ देना नहीं चाहता था। ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) संध्या वंदन के पश्चात् सभी विद्यार्थी **यज्ञशाला** में एकत्रित हो गए। (यज्ञशाला / धर्मशाला)

(ख) गुरु जी ने आकर देखा सभी **विद्यार्थी** आ गए हैं। (व्यक्ति / विद्यार्थी)

(ग) सभी विद्यार्थियों को गुरु जी की बात **उचित** लगी। (उचित / अनुचित)

(घ) गुरु जी का चेहरा प्रसन्नता से **खिल** उठा। (जल / खिल)

(ङ) राजा का **कोष** मेरे लिए सदैव खुला है। (कोष / बगीचा)



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. ऐसे ही निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए–**

(क) निर्भीक + ता = **निर्भीकता** (ख) लोभ + ई = **लोभी**

(ग) ज्ञान + ई = **ज्ञानी** (घ) लघु + ता = **लघुता**

(ङ) मानव + ता = **मानवता** (च) पंजाब + ई = **पंजाबी**

2. **निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) विशेष | – | **विशेषता** | (ख) धन | – | **धनवान** |
| (ग) योग्य | – | **योग्यता** | (घ) निश्चिंत | – | **निश्चिंतता** |

3. **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) अचानक – **एक दिन अचानक गुरु जी ने सभी विद्यार्थियों को यज्ञशाला में एकत्रित होने को कहा।**

(ख) विशेष – **गुरु जी ने छात्रों से कहा एक विशेष प्रयोजन है जो वहीं पर तुम सबको बताऊँगा।**

(ग) प्रयोजन – **तुम किस प्रयोजन से यहाँ आये हो।**

(घ) सुझाव – **विद्यार्थियों ने गुरुदेव को अपने पिता से धन लाने का सुझाव दिया।**

(ङ) योग्य – **गुरु जी को अपनी पुत्री के लिए योग्य वर की तलाश थी।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 7 स्वास्थ्य ही जीवन

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन सुबह व्यायाम करना चाहिए तथा सुबह की ताजी हवा में सैर करनी चाहिए।

(ख) निशा का परिवार हर रविवार को पार्क में जाता है।

(ग) वे चारों एक साथ मिलकर क्रिकेट खेलते थे।

(घ) खेलने से हमारा तन-मन स्वस्थ रहता है।

(ङ) सवेरे खुली हवा में दौड़-दौड़कर खेलने से पूरे शरीर की कसरत हो जाती है।

(च) सभी बच्चे पार्क में आकर क्रिकेट खेलकर और परिवार के साथ दौड़ लगाकर खुश थे।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) पार्क में आने के बाद निशा की माताजी ने निशा को लाल फूलों से लदे गुलमोहर के पेड़ को दिखाकर कहा कि देखो ये फूल मुसकुराकर हमारा स्वागत कर रहे हैं और आम के बौर हवा में लहराकर हमें गले लगाना चाहते हैं।

(ख) गुप्ता जी अपने परिवार के साथ देर से पार्क पहुँचे और देर से आने का कारण बताया कि देर रात तक उनके बच्चे कंप्यूटर पर कोई प्रोजेक्ट कार्य कर रहे थे। जिससे वे नींद से उठ नहीं रहे थे। अतः उन्हें जबरदस्ती उठाकर लाया हूँ।

(ग) खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, पूरे शरीर की कसरत हो जाती है, मन प्रसन्न रहता है, मन में नकारात्मकता नहीं आती और बीमारियाँ दूर भाग जाती हैं।

(घ) निशा अपने परिवार के साथ दौड़ लगाती है, क्रिकेट खेलती है और अपनी माताजी के साथ योगासन करती है जिससे उसका मन प्रसन्न रहता है और पूरे शरीर की कसरत भी हो जाती है।

(ङ) सुबह की ताजी हवा में नियमित योगाभ्यास करने से शरीर को भरपूर ऑक्सीजन मिलती है स्वास्थ्य ठीक रहता है और अनेक बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

(च) निशा की माताजी की वह बात दोनों बच्चे ध्यान से सुन रहे थे जिसमें वे कहती हैं कि देखो बच्चों पार्क में लाल फूलों से लदे गुलमोहर के फूल हमारा स्वागत कह रहे हैं और आम के बौर हवा के लहराते हुए हमें गले लगाना चाह रहे हैं।

(छ) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें सुबह सवेरे जल्दी उठकर नियमित योगाभ्यास करना चाहिए, सुबह की ताजी हवा में दौड़ना चाहिए या सैर करनी चाहिए।

(ज) खेलकूद से हम आपसी भाईचारा, एक-दूसरे के विचारों को अच्छी तरह से समझना, नैतिकता, व्यावहारिकता सीखते हैं। जब हम घर से बाहर खेलते हैं तो हमें सभी तरह के लोग मिलते हैं जिनसे हमारे विचार मिलते हैं वो हमारे मित्र बन जाते हैं। खेलकूद से हमारा सामाजिक विकास तथा शारीरिक विकास दोनों होते हैं। खेलने से हमारे शरीर की हड्डियाँ तथा माँसपेशियाँ मजबूत होती हैं। खेलने से हमारे शरीर का बौद्धिक विकास भी होता है।

(झ) निशा के परिवार के लोग खेलकूद तथा व्यायाम के प्रति जागरूक थे। वे जानते थे कि खेलने से बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास संभव है। जो बच्चे व्यायाम करते हैं तथा खेलते हैं उनका शरीर फुर्तीला रहता है और बीमारियाँ उनसे कोसों दूर रहती हैं। निशा के माता–पिता तथा भाई सभी रविवार का दिन एक साथ बीताते थे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| खेलकूद तथा व्यायाम से | ☑ | सुबह देर तक सोकर | ☐ |
| देर रात तक टी० वी० देखने से | ☐ | गृहकार्य समय पर करने से | ☐ |

(ख) पार्क में सुबह-सुबह किसका परिवार पहुँचा?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्मा जी का | ☐ | गुप्ता जी का | ☐ | निशा का | ☑ | रमेश का | ☐ |

(ग) दादा जी पार्क में क्या कर रहे थे?

पार्क का चक्कर लगा रहे थे। ☐ कबूतरों को दाना डाल रहे थे। ☑

बच्चों के साथ दौड़ रहे थे। ☐ कौओं को उड़ा रहे थे। ☐

(घ) शरद दादाजी के साथ क्या कर रहा था?

उछल-कूद कर रहा था ☐

कबूतरों को पकड़ने की कोशिश कर रहा था ☑

पेड़ की पत्तियाँ तोड़ रहा था ☐

दादाजी से झगड़ रहा था ☐

(ङ) गुप्ता जी किसके साथ पार्क पहुँचे?

अपने दोनों बेटों के साथ ☐ अपने पूरे परिवार के साथ ☑

अपने मित्रों के साथ ☐ अपने पड़ोसियों के साथ ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) शरद हमेशा अपने पापा के साथ **फुटबॉल** खेलता है। (क्रिकेट / फुटबॉल)

(ख) खेल के माध्यम से उनकी अच्छी-खासी **कसरत** हो जाती है। (कसरत / थकान)

(ग) खुली हवा में **व्यायाम** करना भी जरूरी होता है। (भोजन / व्यायाम)

(घ) निशा अपनी **माँ** के साथ योगाभ्यास करने चली गई। (सहेली / माँ)



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे दिए गये वाक्यों में से क्रिया विशेषण छाँटकर लिखिए–**

(क) चुपचाप (ख) झूठ (ग) हरियाली (घ) बहुत कम (ङ) सुबह-सुबह

**2. शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए–**

(क) साप्ताहिक (ख) आस्तिक (ग) भिखारी (घ) कृतज्ञ (ङ) ग्रामीण

**3. काल के कितने भेद होते हैं? उदाहरण देकर लिखिए–**

काल के तीन भेद होते हैं–

| काल का नाम | उदाहरण |
|---|---|
| भूत काल | मैं कल दिल्ली गया था। |
| वर्तमान काल | शोभा कपड़ों पर प्रेस कर रही है। |
| भविष्य काल | पिताजी कल आगरा जाएँगे। |

**4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) सुबह-सुबह – हमें सुबह-सुबह उठकर दौड़ लगानी चाहिए।

(ख) योगासन – योगासन करने से शरीर नीरोगी रहता है।

(ग) स्वागत – निशा की माताजी कहती है कि देखो गुलमोहर के फूल हँसकर हमारा स्वागत कर रहे हैं।

(घ) चहकना – सुबह के समय पक्षियों का चहकना अच्छा लगता है।

(ङ) व्यायाम – अच्छे स्वास्थ्य के लिए नित्य व्यायाम करना आवश्यक है।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 8 राजा की उदारता

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

(क) बालिका की समस्या यह थी कि उसकी माँ बीमार हो गई है वह किस प्रकार भोजन तथा दवाई का प्रबंध करेगी।

(ख) भ्रमण के दौरान राजा की भेंट गरीब लड़की से हुई।

(ग) बालिका अपने कपड़े लेकर उन्हें बेचने के लिए घर से निकली थी।

(घ) बालिका के पिता सेना में काम करते थे।

2. **सोचकर लिखिए—**

(क) बालिका इसलिए परेशान थी क्योंकि उसकी माँ बीमार पड़ गई थी और अब उसके पास दवा के लिए पैसो भी नहीं बचे थे।

(ख) जब बालिका ने राजा से बताया कि श्रीमान! मेरे पिताजी सेना में काम करते थे यदि राजा उनकी खबर लेते और पेंशन दे देते तो पैसों के अभाव में उसके पिता की मृत्यु न होती। बालिका की यह बात सुनकर राजा को बहुत दुख हुआ।

(ग) बालिका राजा को इसलिए न्यायप्रिय नहीं समझती थी क्योंकि यदि वह न्यायप्रिय होता तो जिस प्रकार उसके पिता ने वर्षों तक सेना में नौकरी की तो उनके अशक्त होने पर राजा उनकी आर्थिक सहायता के लिए मासिक पेंशन बाँध देता। बालिका के पिता की मृत्यु का कारण पैसों का अभाव था।

(घ) जब राजा को पता चला कि बालिका की बात सच है तो उन्होंने तुरंत उसकी बीमार माता को आदरपूर्वक दरबार में बुलाया और जितना वेतन उसके पति को मिलता था उतनी ही पेंशन प्रतिमाह देने की आज्ञा दी और उनसे क्षमा माँगी।

3. **सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) बालिका की आयु कितनी थी?

9-10 वर्ष ☐ 10-11 वर्ष ☐ 12-13 वर्ष ☐ 13-14 वर्ष ☑

(ख) बालिका क्या लेकर घर से निकल पड़ी?

कपड़े ☑ बरतन ☐ दवाई ☐ दूध ☐

(ग) बालिका को मार्ग में कौन मिला?

चोर ☐ सेनापति ☐ राजा ☑ डॉक्टर ☐

(घ) किस कमी के कारण बालिका के पिता का देहांत हो गया था?

कपड़ों की ☐ पैसों की ☑ वर्षा की ☐ पानी की ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) बालिका के घर में बड़ी **गरीबी** थी। (गरीबी / अमीरी)

(ख) बालिका बहुत ही सुशील और **समझदार** थी। (नासमझ / समझदार)

(ग) मार्ग में राजा की भेंट उस **गरीब** लड़की से हुई। (अमीर / गरीब)

(घ) राजा को लड़की पर **दया** आ गई। (दया / हँसी)

(ङ) माँ सब बातें सुनकर बड़ी **प्रसन्न** हुई। (दुःखी / प्रसन्न)

**5. सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत वाक्य के सामने ( ✗ ) लगाइए–**

(क) राजा अत्यंत दयालु था। ✓

(ख) राजा अपनी प्रजा का हाल-चाल जानने के लिए नगर में घूमता था। ✓

(ग) उस बालिका की बात सुनकर राजा को बहुत खुशी हुई। ✗

(घ) राजा को ज्ञात हुआ कि बालिका की बात सच नहीं थी। ✗

(ङ) राजा ने बीमार स्त्री को पेंशन देने की आज्ञा दी। ✓



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिए गए शब्दों में 'ई' जोड़कर शब्द बनाइए–**

(क) देश + ई = **देशी** (ख) लालच + ई = **लालची**

(ग) साहस + ई = **साहसी** (घ) रोग + ई = **रोगी**

(ङ) जापान + ई = **जापानी** (च) उदास + ई = **उदासी**

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) दयालु × **क्रूर** (ख) गरीबी × **अमीरी**

(ग) बेचना × **खरीदना** (घ) विनम्रता × **कठोरता**

(ङ) भलाई × **बुराई** (च) स्थायी × **अस्थायी**

**3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) देश – जोसेफ जर्मनी देश का राजा था।

(ख) प्रसन्न – जोसेफ की माँ सब बातें सुनकर बड़ी प्रसन्न हुई।

(ग) सुशील – बालिका सुशील और समझदार थी।

(घ) उदारता – राजा की उदारता और विनम्रता देखकर महिला आश्चर्यचकित हो गई।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 9 सरिता

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) सरिता का अर्थ नदी है।

(ख) पहाड़ों में बहने वाली गंगा नदी अथवा छोटी नदी के जल को निर्मल तथा शीतल कहा गया है।

(ग) पहाड़ों से बहकर आने वाले साफ जल को पीने से हमारे शरीर में बल आता है।

(घ) निर्मल जल की तेज धार पहाड़ की शृंखलाओं को पार करती है।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) लघु सरिता की विशेषता यह बतायी गयी है कि इसका जल बरफ़ के पहाड़ों से पिघलकर आता है जो शीतल तथा स्वच्छ होता है और दूध जैसा साफ होता है।

(ख) नदी का जल अपने मार्ग में आने वाली अड़चनों को दूर करके अपनी तेज धार से अपना मार्ग प्रशस्त कर लेता है और पथरीले पहाड़ों को चीरता हुआ अविरल बहता रहता है। इस प्रकार हमें जल की शक्ति का पता चलता है।

(ग) इसकी तेज धार पहाड़ी शृंखलाओं, जंगलों तथा पथरीले टेढ़े–मेढ़े रास्तों से होकर गुजरती है और जंगल में मंगल करती है।

(घ) धरती हमारी माता है इसका हृदय बहुत ही कोमल होता है यह अपनी संतान से स्नेह करती है। यह हमें जीने के लिए अन्न, जल, फल तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराती है।

(ङ) नदी के जल को स्वच्छ दूध-सा इसलिए कहा गया है क्योंकि इसका जल हिमालय की पहाड़ियों से तथा अनेक प्रकार की औषधीय जड़ी बूटियों से मिश्रित होकर लगातार बहता रहता है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) हिम शब्द का क्या अर्थ है?

पर्वत ☐ नदी ☐ बरफ ☑ तालाब ☐

(ख) कौन अपने तन में बल रखता है?

पशु ☐ पक्षी ☐ मनुष्य ☐ नदी ☑

(ग) निर्मल जल की धार कैसी है?

तेज ☑ कठोर ☐ कोमल ☐ निराली ☐

(घ) लघु सरिता का जल जंगल में क्या करता है?

शोर ☐ मंगल ☑ शांति ☐ चंचलता ☐

(ङ) सरिता युग-युग से कैसे बहती रहती है?

धीरे-धीरे ☐ अविरल ☑ निर्मल ☐ शांत ☐

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

(क) यह लघु सरिता का **बहता जल**,
**कितना शीतल** , कितना निर्मल।

(ख) **जिसका यह शीतल** करुणा का जल,
बहता रहता **युग युग अविरल**।

**5. निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए—**

दी गई पंक्तियों से आशय है कि नदी के निर्मल जल को धारा में बहुत शक्ति होती है जो अनेकों श्रृंखलाओं को पार करके तथा अपने मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करती हुई कभी गिरकर, कभी उठकर लगातार बहती रहती है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी ठीक करके लिखिए—**

शितल, लघू, निरमल, श्रृंखला, मगंल,

**शीतल लघु निर्मल श्रृंखला मंगल**

**1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**

(क) हिम — **बरफ तुषार** (ख) गिरि — **पर्वत पहाड़**

(ग) जननी — **माँ माता** (घ) गंगा — **मंदाकिनी भगीरथी**

(ङ) सरिता — **नदी तरंगिणी** (च) जल — **पानी नीर**

**2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए—**

(क) माता — **पिता** (ख) चिड़िया — **चिड़ा**

(ग) भाई — **बहन** (घ) गाय — **बैल**

(ङ) चाची — **चाचा** (च) शीतल —

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 10 फूलों की कहानी

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) करोड़ों साल पहले धरती बड़े–बड़े दलदल से भरी पड़ी थी और यह धरती फूल विहीन थी। केवल बाँस और फर्न के वृक्ष उगते थे।

(ख) वैज्ञानिकों ने फूल–पौधों के लिए विशेष शोध किए।

(ग) फूल हमारे जीवन में खुशियों के रंग भर देता है।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) फूल खिलने से पहले यह संसार रंग-विहीन था केवल पत्तों की हरियाली ही चारों ओर फैली हुई थी।

(ख) फूल खिलने के बाद इस संसार में चारों ओर रंग-बिरंगे रंगों की बहार आ गई। रंग–बिरंगे फूलों को देखकर मनुष्य ने कविताओं–कहानियों में चुन–चुन कर फूल पिरो दिए, सुंदर चित्रों को बनाना सीखा, तीज-त्योहारों पर घर को सजाना सीखा तथा बेल बूटों में फूलों को सजाना सीखा।

(ग) वैज्ञानिकों के अनुसार दो लाख सत्तर हजार से भी अधिक प्रकार के फूलों के पेड़–पौधे हैं।

(घ) हमारे देश में आयुर्वेद में पौधों के औषधीय महत्व का वर्णन किया गया है।

(ङ) नूरजहाँ और जहाँगीर को गुलाब के फूल बहुत पसंद थे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) डायनासोर कहाँ विचरते थे?

दलदल में ☑ पानी में ☐ सड़कों पर ☐ आकाश में ☐

(ख) फूलों के खिलने से पहले किसकी हरियाली चारों ओर फैली हुई थी?
सूरज की ☐ पत्तों की ☑ रोशनी की ☐ घास की ☐

(ग) कितने करोड़ वर्ष पहले फूलों के पौधे सारे संसार में छा गए?
आठ करोड़ वर्ष पहले ☐ छः-सात करोड़ वर्ष पहले ☑
दस करोड़ वर्ष पहले ☐ दो करोड़ वर्ष पहले ☐

(घ) किसने अपने मनमोहक रंगों से हमारा जीवन खुशियों से भर दिया?
तितलियों ने ☐ परियों ने ☐ फूलों ने ☑ भौंरों ने ☐

(ङ) महाकवि कालीदास ने अपने ग्रंथों को किसके वर्णन से भर दिया ?
पक्षियों के ☐ पशुओं के ☐ फूलों के ☑ तितलियों के ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) करोड़ों साल पहले धरती बड़े-बड़े **दलदल** से भरी पड़ी थी। (दलदल / पत्थरों)

(ख) फूलों के खिलने से पहले चारों ओर केवल **हरा** रंग ही दिखाई देता होगा। (लाल / हरा)

(ग) **कमल** के फूल का वर्णन तो कविता की सुंदरता को बढ़ाता ही रहता है। (कमल /गेंदे)

(घ) तीज-त्योहारों पर फूलों की **अल्पना** बनाकर घर की सुदंरता बढ़ाई जाती है। (अल्पना / कल्पना)

(ङ) भारतवर्ष में **बसंत** ऋतु में हजारों तरह के रंग-बिरंगे फूल खिल उठते हैं। (ग्रीष्म / बसंत)



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे लिखी संज्ञाओं के साथ विशेषण लगाइए–**

(क) घोड़ा – **सफेद घोड़ा** (ख) फूल – **सुंदर फूल**

(ग) आदमी – **लंबा आदमी** (घ) बादल – **काले बादल**

(ङ) बच्चा – **सुंदर बच्चा** (च) तितली – **रंग-बिरंगी तितली**

**2. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए–**

(क) पुत्र – **सुपुत्र** (ख) प्रभाव – **कुप्रभाव**

(ग) मति – **श्रीमति** (घ) ज्ञान – **अज्ञान**

(ङ) गुण – **अवगुण** (च) गंध – **सुगंध**

**3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) धरती – **एक समय ऐसा था जब यह धरती फूलविहीन थी।**

(ख) विशालकाय – **करोड़ो वर्ष पूर्व धरती पर विशालकाय डायनासोर विचरते थे।**

(ग) पूर्वज – **हमारे पूर्वज भी प्राचीन ग्रंथों में फूलों का वर्णन करते थे।**

(घ) खुशबू – **फूल रात में अपनी भीनी-भीनी खुशबु फैलाते हैं।**

(ङ) तलाश – **वैज्ञानिकों ने करोड़ो वर्ष पुराने जीवाश्मों की तलाश की है।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 11 वृक्ष - हमारे जीवनदाता

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) मनुष्य को सबसे पहले पेड़-पौधों ने आश्रय दिया।

(ख) वृक्षों से हमें जीवनदायक ऑक्सीजन प्राप्त होती है, इसलिए वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं।

(ग) वृक्ष सूर्य की ऊर्जा से पत्तियों द्वारा भोजन ग्रहण करता है।

(घ) बकरी, हिरन, ऊँट, जिराफ, हाथी केवल हरी पत्तियाँ खाते हैं।

(ङ) वन बाढ़ को रोकते हैं।

(च) पेड़ काटना शिशु हत्या जैसा जघन्य अपराध है।

2. **सोचकर लिखिए–**

(क) मनुष्य ने पेड़ पौधों से सबसे पहले भोजन प्राप्त किया और उनके नीचे अपने रहने के लिए जगह बनाई।

(ख) पेड़–पौधों की अंधाधुध कटाई से वनों में निर्भय विचरण करने वाले दुर्लभ जीव–जंतु असुरक्षित हो रहे हैं क्योंकि विश्व सभ्यता हाथ धोकर वृक्षों के पीछे पड़ी है। जिस कारण कई दुर्लभ जंतु जातियाँ विनाश के कगार पर खड़ी हैं।

(ग) पेड़-पौधों से हमें कंदमूल और स्वादिष्ट फल प्राप्त होते हैं जबकि जंगल से हमें मकान के लिए दरवाजे, चौखट और फर्नीचर के लिए लकड़ी प्राप्त होती है। बहुत से वृक्षों से लाख, गोंद, रबर तथा तारपीन का तेल मिलता है।

(घ) वृक्ष औषधियों के भंडार होते हैं। तुलसी, आँवला, हरड़, बहेड़ा, अमलतास, अशोक आदि के वृक्षों से औषधियाँ बनाई जाती हैं। जड़ी–बूटियों को पीसकर तथा उनका काढ़ा बनाकर भी औषधियाँ बनाई जाती है, जिन्हें आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में अलग–अलग नामों से जाना जाता है।

(ङ) मानव सभ्यता अपने निजी स्वार्थ के लिए पेड़ों का अंधाधुध कटान कर रही है। मानव हाथ धोकर वृक्षों को काटने के पीछे पड़ा है। बढ़ती जनसंख्या तथा निवास की आवश्यकता वृक्षों की कटाई का मूल कारण है। इन्हीं कारणों से वृक्षों को खतरा हो गया है।

(च) आजकल वृक्षों की कटाई इसलिए हो रही है क्योंकि मकान कार्य के निर्माण में लकड़ी की चौखट, खिड़की, दरवाजे तथा तरह–तरह के फर्नीचर बनाए जाते हैं जिसके लिए वृक्षों का काटना आवश्यक हो जाता है। इसके परिणाम यह हो सकते हैं–पेड़ों को काटने पर वातावरण में ऑक्सीजन की कमी हो जायेगी तथा जीव-जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियाँ नष्ट हो जाएँगी।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए**

(क) मानव जीवन के विकास से पहले किसका विकास हो चुका था?
वनस्पति जगत का ☑ औषधीय जगत का ☐
आनंदमय जीवन का ☐ आग जलाने का ☐

(ख) मनुष्य किसकी कटाई अंधाधुंध कर रहा है?
मनुष्यों की ☐ पशुओं की ☐ पेड़-पौधों की ☑ वस्त्रों की ☐

(ग) हमें ऑक्सीजन कहाँ से मिलती है ?
खाने से ☐ पीने से ☐ पेड़-पौधों से ☑ खेलने से ☐

(घ) पेड़-पौधों के कटने से किन प्रजातियों का नाश हो रहा है?
मनुष्य का ☐ सूर्य का ☐ पृथ्वी का ☐ दुर्लभ जंतुओं का ☑

(ङ) मांसाहारी जीवों को ऊर्जा किससे प्राप्त होती है?
वृक्षों से ☐ जानवरों के मांस से ☑
दोनों से ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(च) किसको सबसे बड़ा दानी कहा गया है ?
मनुष्य को ☐ पशुओं को ☐ कारखानों को ☐ वृक्षों को ☑

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) वृक्ष प्रकृति की **रसायनशाला** हैं। (प्रयोगशाला / रसायनशाला)

(ख) वृक्ष **हरियाली** देते हैं। (हरियाली / बदहाली)

(ग) हरी-सूखी पत्तियों से उत्तम **खाद** बनता है। (भोजन / खाद)

(घ) वृक्षों की **जड़ें** मिट्टी के कटाव को रोकती हैं। (टहनियाँ / जड़ें)

(ङ) पेड़ **काटना** शिशु हत्या जैसा जघन्य अपराध है। (काटना / लगाना)

**5. सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत वाक्य के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) यदि पेड़-पौधे न होते तो पृथ्वी पर जीवन ही नहीं होता। ✓

(ख) पृथ्वी पर वनस्पति-जगत से पहले मानव जीवन का विकास हुआ। ✗

(ग) पेड़-पौधे मनुष्य जीवन के अभिन्न अंग और शत्रु रहे हैं। ✗

(घ) विश्व सभ्यता हाथ धोकर वृक्षों के पीछे पड़ी है। ✓

(ङ) वृक्ष धरती के तापमान को बढ़ा देते हैं। ✗

(च) वृक्ष वायु को शुद्ध करते हैं। ✓

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) पुत्र – **सुपुत्र** | | (ख) कन्या – **सुकन्या** | |
| (ग) पात्र – **सुपात्र** | | (घ) गुण – **सगुण** | |
| (ङ) मार्ग – **सुमार्ग** | | (च) यश – **सुयश** | |

**2. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) पेड़-पौधे – **पेड़-पौधे धरती की शोभा हैं।**

(ख) फल – **पेड़-पौधों से हमें स्वादिष्ट फल मिलते हैं।**

(ग) उपकारी – **पेड़-पौधे मनुष्य के उपकारी मित्र रहे हैं।**

(घ) दुर्लभ – **वनों में दुर्लभ जंतु विचरण करते हैं।**

(ङ) तापमान – **वृक्ष धरती के तापमान को कम करते हैं।**

**3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) पृथ्वी – | **धरा** | **भूमि** | (ख) पेड़ – | **पादप** | **विटप** |
| (ग) घर – | **सदन** | **आलय** | (घ) आग – | **अनल** | **पावक** |
| (ङ) सूर्य – | **दिवाकर** | **भास्कर** | (च) वायु – | **समीर** | **पवन** |

**4. सर्वनाम की परिभाषा लिखते हुए यह भी बताइए कि सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं?**

जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किये जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे– मैं, तुम, हम, वह, यह, ये, वे, कौन, तुम्हारा, मेरा, हमारा आदि। सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

12

# संकल्प

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) संन्यासी बड़े ही सरल थे उनका जीवन भी सादगी से भरा हुआ था।

(ख) संन्यासी के पास गंदे कपड़े पहने हुए एक आदमी आया। जो देखने पर ऐसा लग रहा था जैसे कोई लुटेरा हो।

(ग) लुटेरा मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक जीवन जीना चाहता था।

(घ) संन्यासी ने लुटेरे से कहा कि "बेटा! तुम तो बड़े भले मनुष्य हो। तुम्हारे अंदर यह अवगुण कहाँ से आया और तुम लोगों को क्यों लूटते हो?

(ङ) लुटेरे का स्वभाव लूटपाट वाला था, किंतु संन्यासी से मिलकर वह अपने इस अवगुण से छुटकारा पाना चाहता था।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) संन्यासी ने लुटेरे से यह संकल्प लेने के लिए कहा कि वह अब कभी भी लूटपाट नहीं करेगा, किसी को नहीं सताएगा और कभी झूठ नहीं बोलेगा।

(ख) लुटेरा अपने संकल्प पर नहीं टिका रहा क्योंकि लूटपाट करना उसकी आदत बन चुकी थी और वह कोशिश करने पर भी अपनी यह आदत छोड़ नहीं पा रहा था।

(ग) लुटेरा संन्यासी के पास वापस इसलिए आया कि वह अपना संकल्प निभा नहीं पाया। वह संन्यासी से कोई दूसरा उपाय जानना चाहता था जिससे कि वह अपने आपको सुधार सके।

(घ) संन्यासी ने अपने शिष्य से कहा कि लुटेरा अब कभी नहीं आएगा क्योंकि वह अब सुधर गया होगा। अपराध करना आसान है परंतु उसे स्वीकार करना बहुत कठिन है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) संन्यासी लोगों को क्या देते थे?

साहस ☐ धैर्य ☐ उपदेश ☑ ज्ञान ☐

(ख) संन्यासी के पास कौन आया?

व्यापारी ☐ लुटेरा ☑ चोर ☐ साधु ☐

(ग) संन्यासी ने उसे क्या लेने को कहा?

धन-दौलत ☐ घर ☐ संकल्प ☑ बच्चे ☐

(घ) लुटेरा अपनी किस आदत से परेशान था?

हँसने की ☐ रोने की ☐ लूटने की ☑ चिल्लाने की ☐

(ङ) दोबारा लुटेरे के न आने पर किसने संन्यासी को याद दिलाया?

गाँव वालों ने ☐ सेवकों ने ☐ शिष्य ने ☑ बच्चों ने ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) वे संन्यासी बड़े ही **सरल** थे। (सरल / क्रोधी)

(ख) लोग **संन्यासी** की कही हुई बातों को अपने जीवन में उतारते थे। (लुटेरे / संन्यासी)

(ग) लुटेरे ने कहा यह तो बड़ा **आसान** काम है। (आसान / भारी)

(घ) **लुटेरा** उस संन्यासी के पास फिर कभी लौटकर नहीं आया। (शिष्य / लुटेरा)

(ङ) अब लुटेरा एक **अच्छे** इंसान की तरह जीवन बिता रहा था। (अच्छे / बुरे)

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**वर्ण विच्छेद कीजिए–**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उपदेश | = | **उ** | + | **प** | + | **द** | + | **ए** | + | **श** | | | |
| कोशिश | = | **क** | + | **ओ** | + | **श** | + | **इ** | + | **श** | | | |
| गलती | = | **ग** | + | **ल** | + | **त** | + | **ई** | | | | | |
| महाराज | = | **म** | + | **ह** | + | **आ** | + | **र** | + | **आ** | + | **ज** | |

**1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) पुरानी × **नई** (ख) जीवन × **मृत्यु**

(ग) सरल × **कठिन** (घ) शांत × **अशांत**

(ङ) आदमी × **औरत** (च) सुख × **दुख**

**2. दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

(क) दूर से संन्यासी **आए** ।

(ख) एक आदमी दौड़ते हुए **आया**।

(ग) उसके मुँह से कोई आवाज नहीं **निकली**।

(घ) इस बार आपकी आज्ञा का पालन **करूँगा** ।

(ङ) वह फिर लौटकर नहीं **आया**।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

13

# रहीम के दोहे

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) सज्जन व्यक्तियों पर बुरी संगति का कोई असर नहीं होता है।

(ख) चंदन के पेड़ से साँप लिपटे रहते हैं।

(ग) पेड़ कभी अपना फल नहीं खाता।

(घ) खराब अथवा फटे हुए दूध को मथने पर मक्खन नहीं निकलता।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) प्रेम रूपी धागा जब एक बार टूट जाता है तो उसको दोबारा जोड़ने पर उसमें गाँठ पड़ जाती है।

(ख) कवि ने उत्तम प्रकृति के व्यक्ति का स्वभाव चंदन के पेड़ के समान बताया है क्योंकि सज्जन व्यक्ति पर बुरी संगति के लोगों का कोई असर नहीं पड़ता है।

(ग) अच्छे व्यक्ति दूसरो की भलाई तथा परोपकारी कार्यों के लिए अपनी संपत्ति को इकट्ठा करते हैं।

(घ) कवि कहता है कि यदि एक बार दूध खराब हो जाये तो उसको कितना भी मथ लो उससे मक्खन नहीं निकलता उसी प्रकार यदि आपके संबंध किसी से एक बार बिगड़ जायें तो लाख यत्न करने पर भी संबंधों में मधुरता नहीं आती।

(ङ) प्रकृति से हमें सूरज की रोशनी, झरनों का पानी, तथा फल-फूल आदि मिलते है। आकाश के तारे, अंकुर फूटते हुए बीच इत्यादि मनुष्य के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में कार्य करते हैं।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) कुसंगति का असर किस पर नहीं होता है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| बुरे व्यक्तियों पर | ☐ | बच्चों पर | ☐ |
| उत्तम स्वभाव के लोगों पर | ☑ | पशुओं पर | ☐ |

(ख) साँप किससे लिपटा रहता है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| चंदन के पेड़ से | ☑ | कटहल के पेड़ से | ☐ |
| चंपा के पेड़ से | ☐ | आम के पेड़ से | ☐ |

(ग) सरोवर अपना क्या नहीं पीता है?

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जूस | ☐ | पानी | ☑ | दूध | ☐ | चाय | ☐ |

(घ) कैसा दूध मथने पर मक्खन नहीं होता?

कच्चा दूध ☐ फटा हुआ दूध ☑ गरम दूध ☐ ठण्डा दूध ☐

(ङ) टूटे हुए धागे को जोड़ने पर क्या हो जाता है?

गांठ पड़ जाती है ☑ खिंच जाता है ☐

संभलता नहीं है ☐ सुंदर नहीं लगता ☐

**4. दोहों की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

(क) जो रहीम उत्तम प्रकृति, **का करि सकत कुसंग**।
**चंदन विष व्यापत नहिं**, लिपटे रहत भुजंग।।

(ख) **रहिमन देख बड़ेन को**, लघु न दीजिए डारि।
जहाँ काम आवै सुई, **कहा करै तरवारि।।**

**5. निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति में रहीम दास जी कहते हैं कि जिस प्रकार पेड़ अपना फल नहीं खाता तथा नदी अपना जल नहीं पीती उसी प्रकार परोपकारी व्यक्ति भी जो धन इकट्ठा करते हैं उसको वह दूसरों की सेवा में लगा देते हैं।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति में रहीमदास जी कहते हैं कि हमें अपने सगे संबंधियों तथा रिश्तेदारों से प्रेमपूर्वक रहना चाहिए क्योंकि यदि एक बार संबंध खराब हो गए तो दोबारा से जुड़ने पर उनमें पहले वाली बात नहीं आती। जिस प्रकार धागा यदि एक बार टूट जाये तो उसे दोबारा जोड़ने पर उसमें गाँठ पड़ जाती है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए–**

(क) काम – **कार्य** (ख) लाला – **सेठ**

कम – **अपर्याप्त** लाल – **पुत्र**

(ग) पूछ – **प्रश्न करना** (घ) मेल – **जोड़ना**

पूँछ – **पशु की पूँछ** मैल – **गंदगी**

**2. निम्नलिखित शब्दों के विपरीत शब्द लिखिए–**

(क) कुसंग × **सुसंग** (ख) तोड़ना × **जोड़ना**

(ग) लघु × **विशाल** (घ) सज्जन × **दुर्जन**

**3. निम्नलिखित शब्दों में 'गर' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए–**

(क) सौदा – **सौदागर** (ख) जादू – **जादूगर**

(ग) बाजी – **बाजीगर** (घ) कारी – **कारीगर**



## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 14 जैसे को तैसा

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

   (क) महेश लाल सेठ मोती लाल के घर अपना लोहे का बक्सा रखने गया।

   (ख) महेश लाल अमदाबाद जा रहा था।

   (ग) महेश लाल पहले की तरह लखपति नहीं रहा था, इसलिए वह अधिक धन कमाने तथा कुछ नया काम करने के उद्देश्य से शहर छोड़कर जा रहा था।

   (घ) सेठ मोतीलाल ने महेशलाल के बक्से के बारे में यह कहा कि मित्र तुम जो बक्सा मेरे पास छोड़ गए थे। अभी कुछ दिन पहले देखा तो उसे चूहा खा गए।

   (ङ) महेशलाल ने सेठ के बेटे को इसलिए छिपा दिया था, क्योंकि सेठ ने महेशलाल का बक्सा वापिस नहीं किया था।

2. **सोचकर लिखिए–**

   (क) महेशलाल सेठ मोतीलाल के घर अपनी सारी जमा पूँजी जो लोहे के बक्से में थी उसको रखने आया था।

   (ख) सेठ मोतीलाल ने महेशलाल को विश्वास दिलाया कि मित्र तुम निश्चिंत होकर जाओ। तुम्हारा यह बक्सा मेरे यहाँ पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा, जब आओगे तब ले जाना।

   (ग) महेशलाल को अहमदाबाद में रहने वाले उसके मित्र ने भरोसा दिलाया था कि यदि वह अहमदाबाद आ जाये तो उसका व्यापार अच्छा हो सकता है, इसलिए महेशलाल अपने मित्र के भरोसे अहमदाबाद जा रहा था।

   (घ) दो साल बाद लौटने पर महेशलाल सेठ मोतीलाल के घर पर अपना लोहे का बक्सा लेने गया।

   (ङ) सेठ मोतीलाल ने उसे अपनी विवशता यह बताई कि महेश भाई! जो बक्सा तुम मेरे पास छोड़ गए थे, उसे मैंने गोदाम में रखवा दिया था। अभी कुछ दिन पहले देखा तो उसे चूहे खा गये।

(च) हाँ, सेठ मोतीलाल ने महेशलाल के साथ विश्वासघात किया, क्योंकि मोतीलाल के मन में लालच आ गया था। इसलिए उसने महेशलाल से झूठ बोल दिया कि तुम्हारा बक्सा तो चूहे खा गए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) महेश लाल ने सेठ मोतीलाल के घर क्या रखा था?

सोने की मोहरें ☐ लोहे का बक्सा ☑ रुपयों की थैली ☐ कुछ कपड़े ☐

(ख) महेश लाल अपना घर छोड़कर क्यों जा रहा था?

उसकी फसल बरबाद हो गयी थी। ☐ नया व्यवसाय करने के लिए ☑

घूमने के लिए ☐ नौकरी करने के लिए ☐

(ग) सेठ मोतीलाल ने बक्सा न देने के लिए क्या बहाना बनाया?

बक्से को चूहे खा गये ☑ बक्से को चोर ले गये ☐

बक्सा पहचानने से इंकार कर दिया ☐ बक्सा टूट गया ☐

(घ) न्यायाधीश के सामने सेठ मोतीलाल ने क्या कहा?

झूठ कहा ☐ अपनी गलती मान ली ☑

वह महेश लाल को ठग बता रहा था ☐ चुप रहा ☐

(ङ) न्यायाधीश ने सिपाही को उनके साथ क्यों भेजा?

दोनों आपस में झगड़ने ना लगे ☐

सेठ मोतीलाल को बेटा व महेश लाल को बक्सा मिल सके ☐

दोनों में से कोई उनको चकमा ना दे दे ☐

न्यायाधीश की आज्ञा का पालन ठीक-ठीक हो सके ☑



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. 'सत्य' शब्द में 'अ' उपसर्ग लगा देने पर उसका विलोम शब्द 'असत्य' बन जाता है। ऐसे ही निम्नलिखित शब्दों में 'अ' लगाकर विपरीत शब्द लिखिए–**

(क) न्याय × **अन्याय** (ख) संभव × **असंभव**

(ग) प्रसन्न × **अप्रसन्न** (घ) विश्वास × **अविश्वास**

(ङ) पठित × **अपठित** (च) समर्थ × **असमर्थ**

**2. क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।**

जिस शब्द के द्वारा किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है उसे क्रिया कहा जाता है। जैसे, अजीत पढ़ रहा है, अंशुल क्रिकेट खेल रहा है, अंकिता नाच रही है।

**3. एक शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। जैसे– उत्तर-दिशा, उत्तर-जवाब। ऐसे ही नीचे लिखे शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए–**

(क) जग – **संसार** **जागना** (ख) बाल – **बालक** **केश**

(ग) दल – **पुंज** **झुंड** (घ) फल – **लाभ** **नतीजा**

(ङ) पात्र – **योग्य** **बर्तन**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 15 काला हिरन

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**
   (क) सबसे बड़े झुंड में पचास हिरन थे।
   (ख) हिरनों का सरदार काले रंग वाला हिरन था।
   (ग) काले हिरन के परिवार में स्वयं वह उसकी पत्नी और दो बच्चे थे।

2. **सोचकर लिखिए–**
   (क) हिरनों के लिए दोपहर का समय पानी पीने के लिए उचित था, क्योंकि दोपहर के समय हिंसक जानवर खा-पीकर सो जाते थे।
   (ख) काला हिरन बुद्धिमान था, उसकी चमकीली लाल-लाल आँखें बहुत सुंदर थीं और वह अन्य हिरनों से ज्यादा तेज दौड़ सकता था।
   (ग) राजकुमार काले हिरन को देखकर चकित रह गया था। ऐसा अद्भुत जानवर उसने पहले कभी नहीं देखा था इसलिए वह काले हिरन को जिंदा पकड़ना चाहता था।
   (घ) राजकुमार ने स्वप्न में देखा कि वही काला हिरन उसके बगीचे में चरने आया है।
   (ङ) राजकुमार ने राजा बनते ही जंगली जानवरों के शिकार पर रोक लगाकर अच्छा कार्य किया। अब उसके राज्य में सभी जंगली जानवर निर्भय होकर सुख से रहने लगे।

3. **सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**
   (क) हिरनों के सबसे बड़े झुंड में कितने हिरन थे?
   चालीस ☐ साठ ☐ पचास ☑ सौ ☐
   (ख) शिकारियों के दल में कौन शामिल था?
   राजकुमार ☑ राजा ☐ सेनापति ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) काले हिरन के जाल में फँसते ही सभी हिरनों ने क्या किया?

झाड़ियों में छिप गए ☐

शिकारियों पर हमला किया ☐

घेरा बनाकर उछलने लगे ☐

घेरा बनाकर काले हिरन के पास आकर खड़े हो गए ☑ ✓

(घ) राजकुमार ने खिड़की खोलकर बाहर देखा तो क्या पाया?

बगीचे में काला हिरन और हिरनी खड़े थे। ✓ | बगीचे में पुलिस इंस्पेक्टर खड़ा था। ☐

शिकारियों का दल खड़ा था। ☐ | जंगल के सभी हिरन एकत्र थे। ☐

**4. सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत वाक्य के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) हिरनों का झुंड झील पर पानी पीने आता था। ✓

(ख) हिरन शिकारियों की बंदूकें उठाकर भाग गए। ✗

(ग) काला हिरन बुद्धिमान था। ✓

(घ) हिरनी चुपचाप खड़ी रही। ✗

(ङ) काला हिरन जाल में फँस गया। ✓

(च) राजकुमार ने हिरन को मारने का हुक्म दिया। ✗

**5. कहानी क्रम के अनुसार सही क्रमांक लिखिए–**

1 काले हिरन की चमकीली लाल–लाल आँखें बहुत सुंदर थीं।

2 झील देखकर शिकारियों की जान में जान आ गई।

3 हिरन झाड़ियों की ओट में दम साधे खड़े थे।

4 गोली की आवाज सुनकर हिरनों में भगदड़ मच गई।

5 राजकुमार बाकी हिरनों को भगा देना चाहता था।

6 रात को राजकुमार ने एक स्वप्न देखा।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. समझिए और कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) श्रीमान | – **श्रीमती** | (ख) शक्तिमान | – **शक्तिमती** |
| (ग) यजमान | – **यजमती** | (घ) भाग्यवान | – **भाग्यवती** |
| (ङ) गुणवान | – **गुणवती** | (च) धनवान | – **धनवती** |

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए सर्वनामों को रेखांकित कीजिए और लिखिए कि वे किन संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए गए हैं–**

| वाक्य | संज्ञा शब्द |
|---|---|
| (क) **उनके** पानी पीने का यही उचित समय था। | **हिरनों के** |
| (ख) **वह** अन्य हिरनों से ज़्यादा तेज़ दौड़ सकता था। | **काला हिरन** |

| | |
|---|---|
| (ग) **<u>उसकी</u>** आँखें चमकीली और सुंदर थीं। | **काले हिरन की** |
| (घ) **<u>वे</u>** पानी की तलाश में इधर–उधर भटकने लगे। | **शिकारी** |
| (ङ) मानो सभी **<u>अपने</u>** नेता के लिए आत्मसमर्पण करने को तैयार हों | **काला हिरन** |
| (च) **<u>उसने</u>** जंगली जानवरों के शिकार पर रोक लगा दी। | **राजकुमार ने** |

3. **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण-विशेष्य छाँटकर लिखिए–**

| वाक्य | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| (क) सबसे बड़े झुंड में पचास हिरन थे। | **बड़े, पचास** | **झुंड, हिरन** |
| (ख) प्यासे शिकारियों का गरमी से बुरा हाल था। | **प्यासे, बुरा** | **शिकारियों, हाल** |
| (ग) यह तो सचमुच ही अद्‌भुत जानवर है। | **अद्‌भुत** | **जानवर** |
| (घ) भला मूक पशु कहता भी क्या? | **मूक** | **पशु** |
| (ङ) उसके राज्य में जंगली जानवर निर्भय होकर सुख से रहने लगे। | **जंगली** | **जानवर** |

4. **निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) राजा | – | **रानी** | (ख) काला | – | **काली** |
| (ग) पीला | – | **पीली** | (घ) नीला | – | **नीली** |
| (ङ) पति | – | **पत्नी** | (च) हिरन | – | **हिरनी** |
| (छ) राजकुमार | – | **राजकुमारी** | (ज) नर | – | **नारी** |

### मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

### रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

### परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 16 सच्ची मदद

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) 14 नवंबर, बाल दिवस के दिन बच्चे पिकनिक मनाने गए थे।

(ख) बच्चे अपनी अध्यापिका के साथ गए थे।

(ग) बच्चों ने पेड़ की डाली पर फटा कोट टंगा देखा।

(घ) कोट देखकर बच्चों ने सोचा कि यह कोट किसी माली का होगा।

(ङ) बच्चों ने माली की मदद की।

(च) उनकी ये मदद एक जरूरतमंद आदमी के लिए की गई सच्ची मदद थी।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) बच्चों ने पिकनिक पर जाकर उत्साह के साथ खेल खेले तथा खूब आनंद लिया।

(ख) वरुण शरारती बच्चा था। उसने कोट देखकर सबको यह सलाह दी कि क्यों न इस कोट को कहीं छुपा दिया जाये।

(ग) समर्थ ने सलाह दी कि यदि हम अपने जेब खर्च में से एक-दो रुपये निकालकर उसकी जेब में डाल देंगे तो 20–25 रुपये देखकर माली बड़ा खुश हो जायेगा।

(घ) समर्थ की सलाह पर सभी बच्चों ने पैसे, चिप्स, चॉकलेट, बिस्कुट, टॉफियाँ इकट्ठी करके माली के कोट की जेब में डाल दिए।

(ङ) बच्चों ने छुपकर माली की प्रतिक्रिया को देखा कि किस प्रकार माली कोट की जेबों को भरा देखकर खुश होता है और कैसे वह ईश्वर का धन्यवाद करता है।

(च) आज बच्चे इसलिए खुश थे क्योंकि उन्होंने अनजाने में ही सही पर आज एक जरूरतमंद आदमी की मदद की थी जिस कारण उनके चेहरे पर संतोष के भाव थे।

(छ) इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें बीमार, गरीब तथा जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए।

**3. सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) किसके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है?

पंडित नेहरू ☑ बाल गंगाधर तिलक ☐

शास्त्री जी ☐ महात्मा गाँधी ☐

(ख) अध्यापिका बच्चों को कहाँ लेकर गई?

गाँधी पार्क ☐ स्टेडियम ☐ चिड़ियाघर ☐ नेहरू पार्क ☑

(ग) बच्चों ने किसकी मदद की?

अपने सहपाठियों की ☐ ड्राइवर की ☐

गरीब बच्चे की ☐ माली की ☑

(घ) बच्चों के चेहरे पर कैसे भाव थे?

खुशी के ☐ आनंद के ☐ दुःख के ☐ संतोष के ☑

(ङ) 'फूटी कौड़ी भी ना होना' इसका क्या अर्थ है?

एक भी कौड़ी ना होना ☐ जेब में बिल्कुल पैसा ना होना ☑

गरीब होना ☐ अमीर होना ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) चौदह नवंबर को **बाल** दिवस के रूप में मनाया जाता है। (बाल / लाल)

(ख) पूरा नेहरू पार्क **बच्चों** से भरा हुआ था। (फूलों / बच्चों)

(ग) अध्यापिका बच्चों को लेकर **तरणताल** की ओर गई। (तरणताल / झूलों)

(घ) माली ने पेड़ की डाल पर लटका हुआ अपना **कोट** उतारा। (थैला / कोट)

(ङ) बच्चों के चेहरे पर **संतोष** के भाव थे। (दुःख / संतोष)

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य को फिर से शुद्‌ध करके लिखिए–**

(क) अध्यापक बच्चों को लेकर पिकनिक पर गए ।

(ख) मालिन बहुत परेशान थी।

(ग) बच्चों ने एक औरत देखी।

(घ) मेरी बहन बड़ी शैतान है।

(ङ) मेरे दादा कल आएँगे।

**2. उदाहरण देखकर वर्ण विच्छेद कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | विद्‌यालय | – | व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ |
| (क) | पिकनिक | – | प् + इ + क् + अ + न् + इ + क् + अ |
| (ख) | माली | – | म् + आ + ल् + ई |
| (ग) | परेशान | – | प् + अ + र् + ऐ + श + आ + न् + अ |
| (घ) | लड़का | – | ल् + अ + ड् + अ + क् + आ |
| (ङ) | आदमी | – | आ + द् + म् + ई |

**3. संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए–**

किसी भी व्यक्ति, वस्तु, जाति, भाव या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे– मनुष्य, अमेरिका, बचपन, किताब, कुरसी आदि।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 17 एकता का महत्त्व

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) पाठ में फुटबॉल खेल के बारे में बताया गया है।
(ख) आपस में मिलजुलकर खेलने में ही हमारी जीत है।
(ग) पहला गोल किशन ने किया।
(घ) श्याम अकड़ दिखा रहा था।
(ङ) दोस्ती जीवन की फुलवारी है।
(च) चौथा गोल राधे ने सबके साथ मिलकर किया।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) इस कविता में फुटबॉल खेल के विषय में कहा गया है। किशन और श्याम ने गोल किये।
(ख) लड़के चार गोल से जीते। यह जीत लड़कों को आपसी तालमेल और मिलजुलकर खेलने से मिली।
(ग) दोस्ती को जीवन की फुलवारी इसलिए कहा गया है क्योंकि एक सच्चा मित्र ही हमारी भावनाओं को समझ सकता है और वह किसी भी परिस्थिति में हमारा साथ नहीं छोड़ता।
(घ) हम अपने दोस्तों के साथ मिलकर खो-खो, क्रिकेट, आइस-पाइस, फुटबॉल आदि खेल खेलते हैं।
(ङ) चौथा गोल करते समय लड़के राधे को आवाज लगा रहे थे। उसने फुटबॉल को कभी इधर फेंककर कभी उधर उछालकर टप-टप, छप-छप करके मिलके गोल कर दिया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) दोस्ती जीवन की क्या है?
फुलवारी ☑ आनंददायी ☐ दुःख देने वाली ☐ सुखद ☐

(ख) फुटबॉल के खेल में कौन छलांग लगाता है?
खिलाड़ी ☑ बॉल ☐ जाल ☐ कप्तान ☐

(ग) हमारी जीत किसमें निहित होती है?
लड़ाई-झगड़े में ☐ मारपीट में ☐ एकता में ☑ खड़े रहने में ☐

(घ) तीसरा गोल किसने किया?
राम ने ☐ शंकर ने ☐ श्याम ने ☑ राधे ने ☐

(ङ) लुढ़क-लुढ़क कर गोल-मटोल कौन आ रहा था?
महेश ☐ किशन ☑ रामू ☐ गोपाल ☐

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

| |
|---|
| लुढ़क-लुढ़क, रूक-रूक, राधे-राधे, टप-टप, छप-छप |
| 1. श्याम देर तक सोता है। 2. रामू जल्दी-जल्दी खाना खाता है। 3. रोहित तेज दौड़ता है। 4. अर्पित को गर्म दूध पीना अच्छा लगता है। 5. सचिन क्रिकेट अच्छा खेलता है। |

**1. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) धौंस जमाना – **आशु के पिता दरोगा हैं इसलिए वह मौहल्ले में सभी पर धौंस जमाता है।**

(ख) पैर अड़ाना – **कुछ लोग दूसरों के कार्य में अपना पैर अड़ाते हैं।**

(ग) अकड़ दिखाना – **पाकिस्तानी सेना के जवानों ने जब भारत को अकड़ दिखाई तब भारत की सेना ने पाकिस्तानियों को धूल चटा दी।**

(घ) छलांग लगाना – **फुटबॉल में खिलाड़ी बॉल को हाथ में लेकर छलाँग लगाता है।**

(ङ) गोल-मटोल – **देखो गोल-मटोल किशन लुढ़क-लुढ़क आ रहा है।**

**2. निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए–**

(क) खेतों में काम करने वाला – **किसान**

(ख) पशुओं की चिकित्सा करने वाला – **पशु चिकित्सक**

(ग) दूसरों की भलाई चाहने वाला – **हितैषी**

(घ) व्यापार करने वाला – **व्यापारी**

(ङ) सुनने वाला – **श्रोता**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

18

# शिष्टाचार

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) रश्मि अपनी बेटी को लेकर अपनी सहेली कविता के घर गई।

(ख) दिशा ने मम्मी की सहेली को देखकर हाथ जोड़कर नमस्ते की।

(ग) शिष्टाचारी बच्चों को लोग पंसद करते हैं।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) दिशा का व्यवहार शिष्ट व सभ्य था जबकि अमर का व्यवहार अशिष्ट था।

(ख) अमर के व्यवहार से दुखी होकर कविता ने रश्मि से कहा कि इसके पापा के लाड़–प्यार ने इसे सिर पर चढ़ा दिया है। इसके अशिष्ट व्यवहार के कारण मुझे सबके सामने शर्मिन्दा होना पड़ता है।

(ग) कुछ बच्चे दूसरों के घर जाते ही उनकी चीज़ें छेड़ने तथा तोड़ने लगते हैं तथा अपनी मम्मी का आँचल पकड़कर जोर से चिल्ला–चिल्लाकर कहने लगते हैं कि चलो मम्मी,... चलो घर चलो.... जल्दी चलो। ऐसे बच्चों को कोई पसंद नहीं करता। कोई नहीं चाहता कि उनके मेहमानों के साथ ऐसे अशिष्ट बच्चे भी आएँ।

(घ) कुछ बच्चों में बुरी आदतें होती हैं वे जिनके घर पर भी जाते हैं, वहाँ से कोई–न–कोई चीज या उनके घर का खिलौना पसंद आने पर उठा लाते हैं और सबके समझाने पर भी लौटाना नहीं चाहते। ऐसे बच्चों के कारण माता–पिता को शर्मिन्दा होना पड़ता है।

(ङ) शिष्टाचार से मनुष्य दूसरों से प्यार और सम्मान हासिल करता है और ऐसे ही बच्चे आगे चलकर सफलता की ऊँचाई तक पहुँचते हैं और एक अच्छे नागरिक बनते हैं।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) रश्मि दिशा को साथ लेकर किसके घर गई?

अपनी सहेली के घर [✓] दिशा की सहेली के घर [ ]
दिशा की नानी के घर [ ] पड़ोसी के घर [ ]

(ख) अमर का व्यवहार कैसा था?

आनंद पूर्ण [ ] गुस्सैल [ ] अशिष्ट [✓] नटखट [ ]

(ग) क्या देखकर कविता गद्‌गद्‌ हो गई?

अपनी सहेली को देखकर [ ] दिशा का व्यवहार देखकर [✓]
अपने बेटे का व्यवहार देखकर [ ] मौसम देखकर [ ]

(घ) घर में मेहमान के आने पर बच्चों को क्या करना चाहिए?

रोना चाहिए [ ] भाग जाना चाहिए [ ]
नमस्ते कर बैठाना चाहिए [✓] कुछ भी नहीं करना चाहिए [ ]

(ङ) शिष्टाचार से बच्चे कैसे बनते हैं?

असभ्य ☐ सभ्य ☑ नादान ☐ क्रोधी ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) दिशा अभी कक्षा **एक** में ही पढ़ती थी। (एक / दो)

(ख) अमर उस समय **बैडमिंटन** खेल रहा था। (क्रिकेट/बैडमिंटन)

(ग) **शिष्टाचार** के नियम केवल घर में ही लागू किए जायें ऐसा भी नहीं। (शिष्टाचार / सुरक्षा)

(घ) कोई नहीं चाहता कि उनके मेहमानों के साथ ऐसे **अशिष्ट** बच्चे भी आएँ। (शिष्ट/अशिष्ट)

(ङ) शिष्ट बच्चे ही आगे चलकर **सफलता** की ऊँचाई तक पहुँचते हैं। (पहाड़ / सफलता)

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

'**अच्छा**' विशेषण है इससे '**अच्छाई**' बनता है, जो भाववाचक संज्ञा है। इसी तरह निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विनम्र | **विनम्रता** | मधुर | **मधुरता** | शिष्ट | **शिष्टाचार** |
| नाराज | **नाराजगी** | भला | **भलाई** | | |

**1. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए–**

(क) चल बसना – **लाला जेठालाल कल रात को बीमारी के कारण चल बसे।**

(ख) हाथ आना – **चोरी करके भागता हुआ चोर पुलिस के हाथ आ गया।**

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) शिष्ट × **अशिष्ट** (ख) गंदा × **साफ**

(ग) बच्चा × **बूढ़ा** (घ) रोना × **हँसना**

**3. क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए–**

जिस शब्द के द्वारा किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उसे क्रिया कहा जाता है। जैसे–
सुमन लिख रही है। विदुषी चाय बना रही है। कविता रोटी बना रही है।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 19 बरगद दादा

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) बहुत समय पहले विचित्र बात यह थी कि उस समय प्राणी, पेड़–पौधे, पशु–पक्षी सब एक–दूसरे की भाषा समझते थे।

(ख) लड़का आराम करने बरगद के वृक्ष के नीचे बैठा।

(ग) बरगद ने लड़के को प्रकृति से दोस्ती करने के लिए कहा।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) बरगद का वृक्ष बहुत ही विशाल था। उसके पत्ते घने और शाखाएँ चारों ओर फैली हुई थीं।

(ख) गड़रिए का लड़का जब सो रहा था, तो वृक्ष से एक–दो फल उसके मुँह पर आकर गिरते हैं, जिस कारण उसे क्रोध आ जाता है कि एक तो मेरी नींद खराब कर दी ऊपर से हँस रहा है। वृक्ष पूछता है कि मेरा फल तो छोटा–सा था इससे घबरा गए यदि तरबूज जैसा बड़ा होता तो क्या होता?

(ग) पेड़ के आस–पास पड़ी सड़ी पत्तियों को खाने के लिए केंचुए जमीन के नीचे से निकलते हैं तो इससे मिट्टी को हवा मिलती है और पेड़ की जड़ों को शक्ति मिलती है।

(घ) वृक्ष ने लड़के को यह समझाया कि हमें किसी को छोटा या बड़ा नहीं समझना चाहिए। देखो, मैंने अपनी छाया देकर तुम्हें गरमी से बचाया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) मैदान में गड़रिए क्या करने आते थे?

विश्राम करने ☐ फल–फूल लेने ☐

भेड़–बकरियाँ चराने ☑ ✓ ठंडी हवा खाने ☐

(ख) पेड़ हमें धूप–ताप से कैसे बचाते हैं?

फूल देकर ☐ छाया देकर ✓ मीठे फल देकर ☐ हवा देकर ☐

(ग) चिड़ियाँ पेड़ की मदद कैसे करती हैं?

इल्लियाँ खाकर ✓ पत्ते खाकर ☐ फल खाकर ☐ घोंसला बनाकर ☐

(घ) प्रकृति में क्या–क्या चीज़ें उपयोगी हैं?

जीव–जंतु ☐ मिट्टी ☐ पेड़–पौधे ☐ सब कुछ ✓

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) एक छोटे–से गाँव के बाहर हरे–भरे **मैदान** थे। (मैदान / बाग)

(ख) लड़के के पास पहले केवल एक **बकरी** थी। (बकरी / भेड़)

(ग) किसी को छोटा या कम समझना **बुद्धिमानी** की बात नहीं है। (बुद्धिमानी / मूर्खता)

(घ) **घमंड** करना तो किसी के लिए भी उचित नहीं। (मित्रता / घमंड)

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिए विशेषण शब्दों के लिए उपयुक्त विशेष्य ( संज्ञा शब्द ) पर ( ✓ ) लगाइए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुंदर | – | शाखाएँ | ☐ | चिड़िया | ☐ | पक्षी | ☑ |
| बूढ़ा | – | बरगद | ☑ | लड़का | ☐ | भेड़–बकरी | ☐ |
| नटखट | – | भेड़ | ☐ | पक्षी | ☐ | बालक | ☑ |
| ताज़ा | – | पत्ता | ☐ | फल | ☑ | वृक्ष | ☐ |

**2. इन वाक्यों से संज्ञा, विशेषण और क्रिया शब्द छाँटिए–**

| | संज्ञा | विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|---|
| (क) छोटे–छोटे फलों और लंबी दाढ़ी को देखो। | फलों | छोटे–छोटे | देखो |
| (ख) विशाल वृक्ष हँसने लगा। | वृक्ष | विशाल | हँसना |
| (ग) इल्लियाँ हरे पत्ते खाती हैं। | इल्लियाँ | हरे | खाती हैं |
| (घ) शीतल हवा बह रही थी। | हवा | शीतल | बह रही थी |
| (ङ) हवा के हल्के–हल्के झोंके लड़के को थपथपाने लगे। | हवा, लड़के | हल्के–हल्के | थपथपाने |

**3. उचित सर्वनाम शब्द छाँटकर खाली स्थान पर लिखिए–**

(क) कल **मैंने** एक डरावना सपना देखा। (मेरा/मैंने/मुझे)

(ख) **हम** कल सरकस देखने जाएँगे। (मैं/वह/हम)

(ग) **तुम्हारे** और कितने भाई–बहन हैं? (तुम/तुम्हारे/तुम्हें)

(घ) **मैं** चौथी कक्षा में पढ़ता/पढ़ती हूँ। (वह/मैं/तुम)

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 20 गिर की सैर

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) यह पत्र विधि ने अपनी सहेली निशा को लिखा।

(ख) विधि ने अपने पत्र में गिर के वन का उल्लेख किया है।

(ग) गिर वन गुजरात राज्य में स्थित है।

(घ) जिन वनों में जंगली जानवर स्वतंत्र रूप से विचरण करते हैं, उन्हें अभ्यारण्य कहते हैं।

(ङ) गिर वन में स्थित झील का नाम कमलेश्वर है।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) अभ्यारण्य से अभिप्राय यह है कि वह वन्य क्षेत्र जहाँ पर जंगली जानवर स्वतंत्र विचरण करते हैं, अभ्यारण्य क्षेत्र कहलाता है। गिर वन में शेर, सांभर, हिरन, हाथी, नील गाय आदि जंगली जानवर पाए जाते हैं इसलिए गिर वन को वन्य जीव अभ्यारण्य के नाम से जाना जाता है।

(ख) जंगल का रास्ता पार करते हुए उन्होंने सिंह, सिंहनी, तथा उसके दो शावकों को देखा। उनको देखकर अनंत डरकर माँ की गोद में छिप गया।

(ग) गाइड ने उन्हें चुप रहने के लिए इसलिए कहा क्योंकि आवाज सुनकर जानवर भाग जाते हैं।

(घ) विधि ने जंगल में सांभर, हिरन, नील गाय, सिंह, सिंहनी और उसके दो शावक देखे।

(ङ) विधि के परिवार ने झील में बड़े–बड़े मगरमच्छ देखे।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) विधि ने अपनी किस सखी को पत्र लिखा?

शिखा को ☐ निधि को ☐ निशा को ☑ ममता को ☐

(ख) गिर का वन, देश के किस राज्य में स्थित है?

उत्तर प्रदेश में ☐ राजस्थान में ☐ गुजरात में ☑ असम में ☐

(ग) विधि किनके साथ गिर वन घूमने गई थी?

अपने मित्रों के साथ ☐ अपने माता-पिता तथा भाई के साथ ☑

अपने मामाजी के परिवार के साथ ☐ इनमें से किसी के साथ नहीं ☐

(घ) गिर वन के जंगल में घूमने में उन्हें कितना समय लगा?

एक घण्टा ☐ तीन घण्टे ☐ दो घण्टे ☑ चार घण्टे ☐

(ङ) कच्ची मिट्टी की सड़कों पर किसके निशान थे?

ट्रक के ☐ स्कूटर के ☐ टायर के ☑ पैरों के ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) गिर के वन घूमने के लिए **सफारी** की व्यवस्था थी। (सफारी / घोड़ों)

(ख) हमारे मन में बहुत **उत्साह** भरा हुआ था। (डर / उत्साह)

(ग) हमारे साथ जीप चालक के साथ एक **गाइड** भी था। (गाइड / नौकर)

(घ) गिर के वन का क्षेत्रफल लगभग **चौदह** सौ वर्ग किलोमीटर है। (चौदह / पंद्रह)

(ङ) झील में हमने बड़े-बड़े **मगरमच्छ** देखे। (अजगर / मगरमच्छ)

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. क्रिया के सही रूप से वाक्य पूरा कीजिए–**

(क) कक्षा में बच्चे शांत **बैठे** हैं। (बैठना)

(ख) अध्यापिका ने कहानी **सुनाई** । (सुनाना)

(ग) रघु अच्छी बाँसुरी **बजाता** है। (बजाना)

(घ) पक्षी आकाश में **उड़** रहे थे। (उड़ना)

(ङ) पिताजी पुस्तक **पढ़** रहे हैं। (पढ़ना)

**2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

(क) सुगंध – **खुशबु** **महक**

(ख) समुद्र – **सागर** **जलधि**

(ग) साहस – **बहादुरी** **हिम्मत**

(घ) मार्ग – **रास्ता** **पथ**

(ङ) लड़की – **कन्या** **पुत्री**

**3. नीचे लिखे प्रयोगों को देखिए और दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–**

उदाहरण – ज्यों ही मैं घर से निकला त्यों ही वर्षा होने लगी।
जैसे ही मैं खाना खाने बैठा वैसे ही मामा जी आ गए।

(क) जब-तब – **सुबह जब मैं उठा तब रमेश जा चुका था।**

(ख) जहाँ-तहाँ – **राकेश जहाँ गया तहाँ उसे खाने को लड्डू मिला।**

(ग) इधर-उधर – **यह तो वही बात हुई इधर कुआँ उधर खाई।**

(घ) यहाँ-वहाँ – **जब दिनेश तुम्हारे यहाँ गया तो तुम उसे वहाँ पर नहीं मिले।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।